आर्डर शीट

न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर

राजस्व अपील सं0 620 /2025 अनवान ***करमीराम व अन्य बनाम पताराम वगैरा***

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहमकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22.07.25	वकील अपीलांट्स एवं रेस्पो0सं0 1 व 2 की ओर से केवियटर अधिवक्ता उपस्थित। उक्त अपील राज0 भू राजस्व अधिनियम की धारा 75 के तहत उपखण्ड अधिकारी गुड़ामालानी (बाडमेर) द्वारा राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 2023/296 (170/23) में पारित आदेश दिनांक 21.06.2024 के विरूद्ध प्रस्तुत की गई है। अपील के साथ स्थगन प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया गया। उभय पक्ष की स्थगन प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गई तथा अपील के साथ प्रस्तुत दस्तावेजो का अवलोकन किया गया एवं अपीलांट अधिवक्ता की स्थगन के संबंध मे चाही गई इस्तदुआ पर भी मनन किया। चूंकि संलग्न प्रस्तुत तहसीलदार गुडामालानी के पत्रांक 788 दिनांक 22.5.25 के अनुसार प्रकरण में अपीलाधीन आदेश की पालना में दिनांक 09.05.25 को वादगस्त खसरान की नेखमबंदी की जा चुकी है। ऐसी स्थिति में विलंब से प्रस्तुत उक्त अपील का कोई औचित्य प्रतीत नही होने से, इसी स्तर पर खारिज की जाती है। पत्रावली दर्ज रजिस्टर कर, फैसल शुमार की जावे। निर्णय आज दिनांक खुले न्यायालय लिखाया जाकर सुनाया गया। **(सीमा कविया)** अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर	

0